पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने बैठक की अध्यक्षता की
शहीदों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि वितरित की

लखनऊः 18 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान श्री राम नाईक ने आज राजभवन में संस्था की प्रबंध समिति की 34वीं बैठक की अध्यक्षता की। राज्यपाल ने बैठक में निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि डयूटी पर रहते हुए शहीद होने वाले पुलिस तथा सैन्यकर्मी की सूचना तत्काल उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान को दी जाये, जिससे परिजनों को यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा गठित उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान के कोष की स्थापना 1963 में हुई थी। संस्थान द्वारा सैन्य बल, अर्द्धसैनिक बल, उत्तर प्रदेश पुलिस, एवं उत्तर प्रदेश पी0ए0सी0 के कर्मियों की कैज्युअल्टी के मामलों में परिजनों को आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा के लिए तथा बेटियों की शादी के लिए अनुग्रह अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है।

श्री नाईक ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य कार्यकलाप को शीघ्र आॅनलाईन किए जाने की बात कही, जिससे वीरगति प्राप्त होने वाले शहीदों के परिजनों को सुविधा हो सके। बैठक में यह तय हुआ कि एन0आई0सी0 को संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराकर यथाशीघ्र अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। राज्यपाल ने संस्थान के कोष पर ब्याज से अर्जित आय को पूर्ण रूप से आयकर से मुक्त रखने के संबंध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से पत्राचार करने के भी निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि आयकर से छूट के लिए हर पांचवे साल संस्थान को वित्त मंत्रालय से अनुमति लेनी होती है। बैठक में श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 जसवीर सिंह, श्रीमती किरन देवी पत्नी स्व0 पत्नी उदित नारायण उपाध्याय तथा श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी स्व0 भूदेव कुमार को अनुग्रह अनुदान प्रदान किये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में डा0 शिव प्रताप यादव राज्यमंत्री जन्तु उद्यान मुख्यमंत्री एवं उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में, श्री सुधीर कुमार राज्यमंत्री सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद, सचिव वित्त श्रीमती कामिनी रतन, सचिव वित्त एवं सचिव उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आम्र्ड फोर्सेस सहायता संस्थान श्री मुकेश मित्तल, कर्नल तारकेश्वर राय मुख्यालय मध्य कमान लखनऊ, कर्नल राकेश सिंघल (अवकाश प्राप्त), पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री रिजवान अहमद सहित सेना के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बैठक के उपरान्त डयूटी में शहीद हुए सैन्य एवं पुलिस बल के कर्मियों के परिजनों को रूपये दो लाख की अनुग्रह अनुदान राशि फिक्स डिपोजिट के रूप में वितरित की। सैन्य बल से श्रीमती परमेश्वरी देवी पत्नी शहीद नायक नीरज कुमार, श्रीमती शशिकला पत्नी शहीद नायक विजय प्रसाद, श्रीमती नीलम पत्नी शहीद राइफलमैन हरिनन्दन सिंह, श्रीमती मिथलेश देवी पत्नी शहीद हवलदार सोदन सिंह, सीमा सुरक्षा बल से श्रीमती सविता यादव पत्नी शहीद सहायक उपनिरीक्षक रूदल यादव, श्रीमती प्रेमशीला देवी पत्नी शहीद मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव, श्रीमती राजेश देवी पत्नी शहीद मुख्य आरक्षी रमेश चन्द, केन्द्रीय रिजर्व पुलिसबल से श्रीमती सोनिका देवी पत्नी शहीद आरक्षी/जीडी नीरज कुमार, श्रीमती मीरा देवी पत्नी शहीद हवलदार/जीडी सीता राम, श्रीमती ऊषा देवी पत्नी शहीद सहायक उपनिरीक्षक ओमकार नाथ सिंह, श्रीमती राखी देवी पत्नी शहीद आरक्षी/जीडी कौशल किशोर दोहरे, श्रीमती अनीता देवी पत्नी शहीद आरक्षी/जीडी हरिवंश सिंह कुशवाह, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल से श्रीमती कमलेश देवी पत्नी शहीद मुख्य आरक्षी/ए0टी0 अशोक कुमार, श्रीमती शशिबाला पत्नी शहीद सहायक उपनिरीक्षक/जीडी अमर बाबू, श्रीमती राधा देवी पत्नी शहीद हवलदार/जीडी शत्रुघन सिंह, उत्तर प्रदेश पुलिस बल से श्रीमती मुनेश पत्नी शहीद आरक्षी नरेन्द्र सिंह, श्रीमती निहाल देवी पत्नी शहीद आरक्षी ओम प्रकाश, श्रीमती मन्जू यादव पत्नी शहीद आरक्षी जगदीश यादव, श्रीमती माधुरी मिश्रा पत्नी शहीद आरक्षी विजय प्रताप मिश्रा, श्रीमती शशि मिश्रा पत्नी शहीद उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा तथा श्रीमती अन्शू पत्नी शहीद आरक्षी एकान्त यादव को अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की गयी।

अंजुम/ललित/राजभवन (156/32)

उत्तर पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान'
की
'प्रबन्ध समिति'
की बैठक
सोमवार , दिनांक 18 अप्रैल , 2016
राजभवन, लखनऊ।

उत्तर पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान'
की
'प्रबन्ध समिति'
की बैठक
सोमवार , दिनांक 18 अप्रैल , 2016
राजभवन, लखनऊ।